निर्देश: कोरोना का प्रसार रोकने के लिए राज्य सरकार ने सरकारी व निजी कार्यालयों के लिए बनाई व्यवस्था

आधे कर्मचारी ही दफ्तर आएंगे

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

राज्य सरकार ने कोरोना के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए सरकारी और निजी क्षेत्र के कार्यालयों में रोटेशन के आधार पर 50-50 फीसदी कर्मियों को बुलाने का निर्देश दिया है। निजी क्षेत्र के कर्मियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव होने पर सात दिन की छुट्टी दी जाएगी और वेतन भी नहीं काटा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम-9 के साथ बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

घर से काम को बढ़ावा: मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी शासकीय व निजी कार्यालयों में एक समय में अधिकतम 50 फीसदी कार्मिकों की भौतिक उपस्थिति की व्यवस्था फिर से लागू की जाए। कामकाज में असुविधा न हो, इसके लिए 'वर्क फ्रॉम होम' को बढ़ावा दिया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को बताया कि गया कि प्रदेश में सोमवार को 8334 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं और इसमें 335 को डिस्चार्ज किया गया है। प्रदेश में सात और लोगों की मौत भी हो गई। मौजूदा समय कुल एक्टिव केस की संख्या 33,946 है। इनमें 33,563 होम आइसोलेशन में हैं।

हर कदम उठा रहे : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर एक प्रदेशवासी के जीवन और जीविका की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। देश में सक्रिय मरीज बढ़े पेज 13

07

दिन की छुट्टी दी जाएगी निजी क्षेत्र के कर्मियों को संक्रमित होने पर, वेतन नहीं कटेगा

07

लोगों की मौत हो गई प्रदेश में बीते 24 घंटे में कोरोना से, कुल सक्रिय केस 33,946

स्क्रीनिंग पर ही प्रवेश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी कार्यालयों, औद्योगिक इकाइयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य रूप से हो। बिना स्क्रीनिंग किसी को प्रवेश न दिया जाए। कोविड के इस चरण में बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है, लेकिन सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कोविड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा, विशेषज्ञों का मानना है कि यह वेरिएंट पूर्व के वेरिएंट की तुलना में बहुत कम नुकसानदेह है। वैक्सीन कवर ले चुके स्वस्थ-सामान्य व्यक्ति के लिए यह बड़ा खतरा नहीं है। कोरोना प्रोटोकॉल का हर हाल में पालन जरूरी है। लोगों को बताया जाना चाहिए कि घबराने की नहीं, सावधानी और सतर्कता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रधान और शहरी वार्डों में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां काम करें। बना टीकाकरण वाले लोगों को चिह्नित किया जाए।

कोरोना अपडेट

स्रोत : वर्ल्डोमीटर (09 जनवरी)

नए मामले | मौत | स्वस्थ हुए

देश

1,79,723

146 | 46569

13 फीसदी के पार कोरोना संक्रमण दर

यूपी में 8334 व लखनऊ में 1114 नए केस मिले

लखनऊ। यूपी में सोमवार को 8334 व लखनऊ में 1114 और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। इससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। शहर के पांच इलाके के लोग वायरस का सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। 48 मरीजों ने वायरस को हराने में कामयाबी हासिल की है। मौजूदा समय में 4702 सक्रिय मरीज हैं। इनमें 692 पुरुष और 422 महिलाएं शामिल हैं।

कोरोना से जंग पेज 02